2. किसी का अता देना, कर्ज़ा अदा करना, लेन देन का हिसाब बेबाक करना।
चुकताना (क्रिया)– देखो चुकाना
चकूता/चकूता करना (क्रिया)– देखो चुकाना
चिल्लर फ़रोश (पु0)– देखो टटपुजियाँ और टकासी।
चुंगी (स्त्री) आड़तिसे का हक़ मण्डी कर रस्म, तफसीली के लिए देखो पेशा–ए–काश्तकारी और जन्द शीशम।
चिलौनी (स्त्री)– देखो रोखन (रोखन)
खुर्दा फ़रोश/ख़ोर्दा फ़रोश (पु0)– देखो टटपुज़ियाँ और टकासी।
ख़रीदार (पु0)– देखो ग्राहक
ख्वान्चा (पु0)– देखो फेरी वाला
खुश खरीदी (स्त्री)– बाजार के भाव पर नक़द क़ीमत देकर माल खरीदने का तरीक़ा। बन्दी या बदनी की ज़िद देखो बदनी।
दाम (पु0)– तफसीली के लिए देखो पेशा–ए–महाजनी। सौदागरी इस्तलाह में किसी चीज की क़ीमत मुराद ली जाती हो। (चुकाना, क़ोता करना) किसी चीज की कीमत डकरना (लगाना) किसी चीज की कीमत कहना या क़ीमत करार देना (चढ़ना, चढ़ाना) किसी चीज़ की क़ीमत आम नर्ख़ से ज्यादा होना या करना।

दर (स्त्री)– सर बन्द माल का नर्ख या भाव अर्दी क़ीमत जो फ़ी अदद एक मुर्कररा मिक़दार के लिए हो। उदाहरण– सोना 25 रूपऐ तोले की दर से खरीदा गया था।
दरआमद (स्त्री)– देखो दिसागर बैरून मुल्क से तिज़ारती माल की आमदनी।
उदाहरण– आजकल कपड़े की दरआमद बन्द है।
दरकट/दरकटी (स्त्री)– मिन्नजानिब पंचबाजार या सरकारी का रनदा मण्डी में तिज़ारती माल की तमयत फरोख़्त का ताअईयुन।
उदाहरण– बड़े–बड़े शहरों में सरकार की तरफ से रोजाना अशियाए खुर्दनी की दरकाटी यानि निकाली जाती है।
दरमाहाना (पु0)– मण्डी में तिज़ारती माल का महाना नर्ख़ मुर्कर्रर करना।
दीसावर (पु0)– जिसआदर संस्कृत देश अपारा बमाने दूसरा मुल्क मुराद दूसरे मुल्क से तिज़ारती माल की आमदनी या लेन देन (दरआमद, बरामद) (तेज होना, चढ़ा हुआ होना) बैरून मुल्क से आने वाले तिजारती माल की कीमत बढ़ जाना या सलब में ज्यादती होना। (उतरना, मन्दा होना) बैरून मुल्क से आने वाले तिजारती माल की क़ीमत घट जाना या तलब में कमी वाके होना।
वस्तलाब (स्त्री)– देखो बनी लाभ बमाने नफ़ा पहली बिक्री जिसमें नफ़ा हो।
दस्तूरी (स्त्री)– परदेसी माल के दरआमद और बरामद का महसूल। बाज़ारी इस्तलाह में तिज़ारती माल की खरीदोफरोख़्त का मामला कराने का मुर्कररा मुआवज़ा या हक़े ख़िदमत मुराद ली जाती है। रिवाज़न मुर्कर्रर होती है। (प्रेना देना)
दुकान (स्त्री)– यूनानी जफ्ज़ का उर्दू तल्फ्फुज़ मुराद या मण्डी में व्यापारी के कारोबार करने की मुस्तक़िल जगह जो इमारत की शक्ल में हो। (करना, लगाना, बोलना) तिज़ारती माल के लेन देन के लिए बाज़ार में दुकान कायम करना। (जमना, जमाना) दुकान का कारोबार कायम हो जाना या क़ायम कर लेना। (चलना, चलाना) दुकान का कारोबार साख के साथ जारी रहना या जारी रखना। (छकना) दुकान के कारोबार में तरक्की और शोहरत होना (बैठना, पट होना) दुकान का कारोबार बन्द होना या ख़राब हो जाना नुकसान आ जाना। (उठाना) दुकान बन्द कर देना। छोड़ देना, बाज़ारी कारोबार कर देना (बढ़ाना) दिन ख़त्म हौन और तिज़ारती कारोबार बन्द हौन पर दुकान बन्द करना। जिसको नेक शगुन के लिए बढ़ाना कहते है। जैसे दस्तरख़ान बढ़ना या चिराग बढ़ाना।
दुकानदार (पु0)– बाज़ार में दुकान लगाने वाला व्यापारी कहावत– नामी दुकानदार कमा खाये, नामी चोर मारा जाऐ।
दुकानदारी (स्त्री)– दुकान करने का दस्तूर या तरीका (करना)
दलाल (पु0)– आड़तिए या कोठीदार का तिज़ारती मआतमद (कमीशन एजेण्ट) जो अपना जाति कारोबार नही रखता बल्कि आड़तिए (ताज़िर) की तरफ से बाज़ार में तिज़ारती माल का मामला करता है। और इस ख़िदमत के बदले एक मुर्कररा दस्तूरी (मुआवज़ा) लेता है। इस लिए व्यापारी या ताज़िर का कारिन्दा समझा जाता है।
दलाली (स्त्री)– ताजिर या व्यापारी की तरफ से बाज़ार में तिजारती माल के फरोख़्त करने का तरीकाये कार (करना, कराना) दलाल की उजरत।
देखा परखा (स्त्री)– देखो परखी
दिवाला (पु0)– निर्धन–तिजारती कारोबार का नकाबिले तलाफ़ी नुकसानी जिससे कारोबार बन्द हो जाये। (निकलना होना) तिज़ारती कारोबार में नुकसान होने की वजह से कारोबार बन्द हो जाना।

दिवालिया (पु0)– वो व्यापारी ताजिर जिसको तिजारती कारोबार में घाटा आ गया हो और माल की खरीदो फरोख़्त में इतना कर्जदार हो गया हो कि कर्जा न उतार सके और कम मालगी का ऐलान कर दे (बनना, होना)
धड़वाई (स्त्री)– मण्डी में व्यापारी की माल की तुलाई की उजरत।
डाणियाँ (पु0)– डड़ीदार मण्डी में तोल का काम करने वाला तोलइया।
डब (स्त्री)– गाँठ लफ्ज़ डिबिया का मुख़फ़िफ़ कारोबारी इस्तलाह में थैली। नेवली या बटवाँ मुराद ली जाती है। उदाहरण डब में पैसा नही रेस ऐसी करे जैसे रईस।
डठा (पु0)– देखो तावान
रत्ती चमकना (क्रिया)– किस्मत जागना कारोबारी इस्तलाह में तिजारत का तरक्की करना खूब नफ़ा होना।
रोक (स्त्री)– देखो रोकना
रोकण (पु0)– तिजारती माल की बिक्री की नगद रक़म।
रोकण बही (स्त्री) 1. नकदी खाता वो बही खाता जिसमें नकद आमदनी या नकद बिक्री की जुगला रक़म लिखी जाए।
2. माल की बिक्री तारीफ़वार दर्ज की फिर उससे इस्तमवारी खातो में नकल कर ली जाती है।
रोकन/रोखन (स्त्री)– 1. झिलौनी, तहरीर, रोक, सौदे सुलफ़ की खरीदो फरोख़्त पर उड़े थुड़े का हक जो अशिया की तोल या नाप की कोवरकसर के पूरा करने का दस्तूर समझा जाता है।
2. खरीदार के मुलाज़िमया कारन्दि का हक़ (देनद, लेना, खाना)
रद्दना (पु0)– तिज़ारती माल की दरामद या बरामद का इजाज़तनामा जो हुकुमत की तरफ से दिया जाता है (काटना, देना) रजिस्टर बरामद, बरामद में इजाज़त नामे की अस्ल तहरीर रखकर नकल ताज़िर को देना।
साझा (पु0)– तिज़ारती कारोबार में शिरकत
साझया (पु0)– तिज़ारती कारोबार का शरिक या हिस्सेदार।
साई (स्त्री)– लफ्ज़ सही का इस्तलाही तल्लफुज़ मुराद खरीदोफरोख़्त के मामले के सही होने या करने की जमानत देखो बयाना (लेना देना)
उदाहरण– मतबा वाले ने कागज़ खरीदने की साई दे दी है।
साई वदाई करना मुराद खरीदफरोख़्त का मामला पक्का करना। किसी को साई किसी को बदाई (कहावत)
सथियार (पु0)– ताजिर का कर्दा मख़सूस निशान जो तिजारती माल पर बतौर अलामत लगाया जाए।
सजल माल (पु0)– ख़रा ओर अच्छा माल जिसमें कोई नुक्स या असर न हो। यूनानी लफ्ज़ बमानी मोहर ठप्पा या तबाअत वगैरह। उर्दू में मोहर ज़दा यानि उम्दा और मज़्तंनद माल के लिए बोला जाता है।
सस्ता सौदा (पु0)– कम क़ीमत या कम दामों का माल। कहावत महँगा रोए एक बार सस्ता रोए बारबार।
सिंधाड़ा (पु0)– बाज़ार के तिराहे के मेल पर ताहोटा। छोड़ा हुआ रकबा जहाँ से तीन तरफ सड़के मुड़ती हो। बड़े शहरो में ऐसे मुक़ाम पर चमन या कोई काबिल–ए–दीद चीज़ बना देते है।
सौदा (पु0)– खरीदोफरोख़्त मिसाल के तौर पर आज सुबह से बाज़ार में कोई सौदा नही बना।

समान –ए–तिजारत या सौदागरी। उदाहरण– नुमाइस में हर किस्म का सौदा था। और खूब बिक्री हो रही थी।

सुलफ़ (पु0)– अरबी लफ्ज़ बमाइनी फ़ौरी तैयार की हुई रिज़ा। व्यापारी इस्तलाह में रोज़ मर्रा की जरूरत की मामूली अशिया की खरीद व फरोख़्त के लिए लफ्ज़ सौदा के साथ बोला जाता है। (सौदा सुलफ़)

उदाहरण– नौकर सुबह सबेरे से सौदा सुलफ़ लेने बाज़ार चला जाता है। भिन्डे बाज़ारों की इस्तलाह में लफ्ज़ सुजफा–ए–तुरत तैयार किये हुए हुक्के मायनो में इस्तेमाल होता है देखो पेशा–ए–भिन्डे बरदार (बनना, बटना, होना, करना, चुकाना, बिगड़ना, ठहरना, ठहराना, देना, दिलवाना) (खाना, खिलाना, चाटना) खाने पीने की चीज़े खरीद कर खिलाना।

सौदागर (पु0)– सौदे वाला तिज़ारती माल की खरीदोफ़रोख़्त करने वाला व्यापारी।

सोने की तोल (स्त्री)– व्यापारियों की इस्तलाह मुराद ठभ्क बराबर और जचा तुला वज़न करने का अम्ल जिसमें ज़रा कमी व बेशभ्र न हो।

सेठ (पु0)– संस्कृत शृष्ण बमाएने बड़ा व्यापारी मुम्बई और गुजरात के इलाको में बड़े सौदागर या कोठीदार यानि थोक फरोश को कहा जाता है।

ग़ुलक (पु0)– ये ग़ोलक का गल्ला तल्लफ़ुज़ देखो ग़ोलक।

फ़र्क़ की बात (स्त्री)– व्यापारी इस्तलाह मुराद किसी चीज़ की गलत क़ीमत यानि जिसके नर्ख़ में कमी करने की गुंजाइश हो।

क़ीमत (स्त्री)– किसी चीज़ का बाज़ारी नर्ख़ या भाव (उतरना) किसी चीज़ की बाज़ारी क़ीमत में कमी होना। (चढ़ना) बाज़ारी क़ीमत में ज्यादती होना। (तुड़ाना) किसी चीज की क़ीमत कम करना।

कॉटे की तोल (स्त्री)– देखो सोने की तोल और काटाँ पेशा काटाँ साज़ी।

कबाड़ (पु0)– 1. संस्कृत कपाला बमाइनी मुख़्तलिफ़ किस्म का पुराना अस्बाब।

2. मुख़्तलिफ़ किस्म की तरकारियों का ख़ेत बाज़ मुक़ामी बोलियों कुंजड़े को भी कहते है।

कबाड़खाना (पु0)– मुख़्तलिफ़ किस्म के पुराने और टूटे फूटे समान का गोदाम।

कबाड़ियाँ (पु0)– कबाड़ियाँ का गलत तल्लफ़ुज़ मुराद मुख़्तजिफ़ किस्म के तिज़ारती माल का चिल्लर फ़रोश (ख़ुर्दाफ़रोश)

कटौती (स्त्री)– फरोख़ शुदा माल के नफ़े का कुछ हिस्सा खरीदार को नकद क़ीमत अदा करने पर रियातन छोड़ दिया जाए (देना, करना)

कच्चा चिठ्ठा (पु0)– देखो जाकड़ बही।

किराना (पु0)– संस्कृत करेना बमाएने मुख़तजिफ़ किस्म के नमक मसाले जड़ी बूटी और खुश्क मेवे वगैरह।

किराना फ़रोश (पु0)– देखो पनसारी

किरद (स्त्री)– हिसाब, आमदनी व ख़र्च।

करिदी (स्त्री)– रोज़ाना, खर्च और बाक़ी रखने का बही खाता।

करिदीदार (पु0)– वो मुहासिब जिनके सुपुर्द रोजाना आमदनी ख़र्च और बाकी का खाता हो।

कस्ती तोल (स्त्री)– देखो उड़ती तोल।

कसर देना (क्रिया)– व्यापारी इस्तलाह मुराद माल की बाज़ारी क़ीमत या आम भाव से दाम कम करके देना।

कसर खाना (क्रिया)– किसी चीज़ के फ़रोख़्त में नुकसान उठाना या नुकसान से सामान फ़रोख़्त कारना।
कसर निकालना (क्रिया)– किसी चीज़ के फ़रोख़्त में नुकसान हो जाने की भरपाई करना।
कसर (स्त्री)– कमी घाटा नुकसान।
कम उतरना (क्रिया)– किसी चीज़ की मुर्करर की हुई तो में कमी होना।
कतई बर्ती बेचना (क्रिया)– हस्बे जरूरत और हस्बे मौका क़ीमत की कमी बेश्म से माल फ़रोख़त करना।
कमीशन (स्त्री)– देखो दस्तूरी और दलाली।
कुन्तादार (पु0)– इलाक़ा दक्कन और बंगाल में जुत्ते दार और शुमाली हिन्दी में ठेकेदार कहावते है व्यापारी इस्तलाह में उस ताजिर को कहते है। जो बाज़ार के लिए तिज़ारती माल तैयार कराने का हक़ रखता हो।
कोड़े करना (क्रिया)– व्यापारी इस्तलाह मुराद तिज़ारती माल को क़ीमत घटाकर फ़रोख़्त करना कम से कम क़ीमत पर जो मिले फ़रोख़्त करना।
खाता (पु0)– दोनो खाता बही (खतियाना)
खाता बहि (स्त्री)– तिज़ारती हिसाब किताब लिखने का किताबचा रजिस्टर।
खाता खोलना (क्रिया)– किसी ताजिर या साहूकार के साथ लेन देन करना और रखना।
उदाहरण– बड़े दुकानदारों ने बैंक में खाते खोल रखें है।
खतौनी (स्त्री)– खाते में हिसाबी लेन देने के तहरीरी इन्द्रजात (करना, खतियाना)
खरा दुकानदार (पु0)– सच्चा मामला करने वाला व्यापारी।
खरतल (स्त्री)– सच्चाई और दयानतदारी खरतल बात और खरतल सौदा।
कुहक (पु0)– वो ताजिर जिसको तिजारत में घाटा आने से मुफ़लिस हो गया हो और कारोबार के लिए कुछ न रहा हो।
खुला भाव (पु0)– तिज़ारती माल का आम बाज़ारी नर्ख़। जो सबको मालूम हो।
गाँठ (स्त्री)– देखो डब
कहावत– आँखो का अंधा गाँठ का पूरा।
गाहक (पु0)– खरीदार (बटना) खरीदार के साथ फरोख़्त का मामला करना। (खरीदार बनाना)
गठोड़ (स्त्री)– रक़में आमनत जो किसी माल के लिए बतौर जमानत रख्म जाये।
गच्चा (पु0)– देखो गोलक बिक्री की रक़म का खाना या कोठाली (भरना)
गुदड़ी (स्त्री)– गुज़री का गलत तल्लफ़ुज़ देखो गुज़री।
गुज़रबान (पु0)– फेरी वाले और फाड़ियों से तय बाज़ारी किराया जमीन। (वसूल करने वाले) देखो फड़िया और तय बाज़ारी।
ग्राफ़रोश (पु0)– बाज़ार के भाव से क़ीमत बड़ा कर भेजने वाला ताजिर ।
ग्रानी (स्त्री)– महँगाई–तिजारती माल की बड़ी हुई कीमत और कामयाबी। (होना)
ग्रह का रूपया (पु0)– ज़ाति रक़म या सरमाया।
गुज़ारी (स्त्री)– वक़्ती और आरज़ी बाज़ार जो रोज़ाना आम गुज़र गाह पर लगे।
गल्ला (पु0)– गोलक, गलजा तिजारती माल की बिक्री की रक़म रखने का दुकानदार का सन्दूकचा या डिब्बा (कुठया)
गुमाश्ता (पु0)– देखो दलाल

गन्ज (पु0)– अनाज और दिगर ज़राती पैदावार की मण्डी जो शहर के किसी मकान पर क़ायम हो।
गोलक/ग़ोलक (पु0)– ग़ुल्लक गत्तजा देखो गल्ला। यूनानी लफ्ज़ बमायने नाली। जो व्यापारियों की इस्तलाह में गल्ला कहलाता है और गोलक का इस्तलाही तल्लफुज़ हो गया है।
घाटा (पु0)– नुकसान कमी (आना, होना) माल के फरोख़्त में नुकसान आना (खाना) नुकसान उठाना (देना) नुकसान पहुँचाना।
धना लाभ (पु0)– बहुत ज़्यादा नफ़ा जो तिजारत में हासिल हो। लाभ बमायने नफ़ा।
लाभकर (पु0)– जिन्स से जिन्स का नफ़ा से ताबदला।
लेखा बही (स्त्री)– तिजारती कारोबार का तफ़सीली और मुक़मल खाता।
मार्केट (स्त्री)– देखो पैट और गुज़ारी।
माल (पु0)– पेशेवरो की मुशतरिक इस्तलाह मुराद वो समान जो उनकी सननाई या कारोबारी लरूरत का हो। व्यापारियों में तिजारती सामान मफ़हूम होता है। (उठाना) खरीदा या बाहर से आया हुआ सामान कब्जे में करना (तेज़ होना) तिजारती माल का भाव चढ़ जाना या क़ीमते बढ़ जाना। (गिरना, मन्दा होना) तिजारती अशिया की तलब में कमी होना (रूकना) तिजारती सामान का फरोख़्त न होना या आमद बरामद बन्द हो जाना। (निकालना) माल फरोख़्त करना बाहर भेजना।
मानी (स्त्री)– गेहूँ की नाप का पैमाना जो 80 तोले के सेर से 5 मन और 96 तोल के सेर से 4 मन वज़न का होता है। 4 मानी नाप का एक मन्नासी कहलाता है जो 20 मन वज़न के बराबर होता है।
मुकीम (पु0)– मुहकम का गलत तल्लफुज़ तिजारती माल ख़सूसन कपड़े के अच्छे बुरे की जाँच और उसकी किस्म मुर्करर करने वाला परखिया।
मामलतदारी (स्त्री)– व्यापारियों का बहमी तिजारती लेन देन या कारोबार करना।
मन्नासी (स्त्री)– देखो मानी
मन्दा (पु0)– तिजारती माल की तलब में कमी।
उदाहरण– बरसात की वज़ह से कारोबार मन्दा है।
मण्डी (स्त्री)– थोक फ़रोशो का बाज़ार जिसके लिए कोई खास मुक़ाम या जगह किसी ख़ास सबब से मुर्करर हो।
उदाहरण– देहली हिन्दुस्तान में यूनानी दवाइयों की मण्डी है। (भरना, लगना, जमना) मण्डी में कारोबार शुरू और जारी रहना (उठना, उखड़ना, ख़ाली होना) मण्डी में तिजारती कारोबार ख़त्म हो जाना।
मुनीम (पु0)– अरबी लफ्ज़ मुनीब (बमायनी) फिरने वाला काा गलत तल्लफुजत्र साहूकारों और व्यापारियों की इस्तलाह में दलाल और दुकान की मुअतितया मुन्श्र् को कहते है जो दुकान का हिसाब किताब और दीगर लिखने प्ढ़ने का काम करें। और अमीन भी हो यानि दुकान की नग़दी भी रखता हो।
मोदी (पु0)– ताज़िर गल्ला, व्यापारी
मोल (पु0) तिजारती माल की कीमत फरोख़्त जो मुर्करर हो चुकी हो। नर्ख़ भाव देखो भाव (करना) क़ीमत चुकाना, भाव या नर्ख़ मालूम करना।
मोल तोल (पु0)– तिजारती माल की क़ीमत और वज़न जो बाहमी मामले से करार पा जाये। भाव ताव।
महँगाई (स्त्री)– देखो ग्रानी

मेल का माल (पु0)– एक किस्म की तिजारती माल की दूसरे किस्म के तिजारती माल से मुनासबत्त जिन्सी एक जिन्सी माल जो एक दूसरे के साथ जोड़ रखे (मिलाना, लगाना) एक जिन्सी माल का आपस में एक दूसरे के साथ इस तरह जोड़ लगाने के गाहक हस्बे ज़रूरत और पसन्द खरीद सके।
नादेहिन्द (पु0)– तिजारती माल की क़ीमत देने में ताख़ीर करने या इन्कारी होने वाला दिवालिया।
नामी दुकानदार (पु0)– मशहूर दुकानदार जो तिजारती मामले की खूबी और उम्दा माल की वज़ह से नाम पा गया है।
निबिल (पु0)– ऊनी किस्म का घटिया माल।
नख़्खाशी (पु0)– बार बरदानी के जानवरो के फरोख़्त की मण्डी।
कहावत– घर घोड़ा नख़्खाशी मोल।
निरख़ (पु0)– देखो भाव और मोल।
निरख़नामा (पु0)– देखो बेजक
निर्धन (पु0)– दिवालिया व्यापारी होना।
नसिया (पु0)– माल कर्ज़ बेचना कर्ज़ व्यापार करना।
निकासी (स्त्री)– तिजारती माल की बिक्री बरामद।
उदाहरण– आजकल गल्ले की निकासी बहुत हो रही है। देखो बरामद
नीलाम (पु0)– हर राज, मजमूए आम में ज़्यादा से ज़्यादा क़ीमत देने वाले को माल खरीद फरोख़्त करने का तरीका (करना)
वाजबी क़ीमत (स्त्री)– माल की ऐसी क़ीमत जिसमे कमी और बेशी की गुन्जाइश हो।
हाथो हाथ बिकना (क्रिया)– किसी माल के बहुत से खरीदार होना और इसकी बिला ताख़ीर खरीदारी होना।
हाट (पु0)– आरज़ी और वक़्ती बाज़ार जो कस्बात में रोज़मरा की जरूरी अशिया के ॅरोख़्त के लिए थोड़ी देर के लिए मुर्कररा वक़्त और मुर्क़ररा मुक़ाम पर लगे।
कहावत– निखट्टू गए हाट, माँगे तराजू लाए बाट।
हटिया (पु0)– हाट (बाज़ार) बाज़ार में व्यापारी का माल तोलने वाला तोल्लिया।
हरराज (स्त्री)– देखो नीलसम
हड़ताल (स्त्री)– किसी हादसे या गैर मामूली वाक्या पेश आने पर तिजारती कारोबार बन्द करने का तरीका (करना होना)
हकेरी/हाकरी (स्त्री)– मण्डी में गल्ला लाने वाली बैलगाड़ी जो इस काम के लिए मख़सूस है।
दलालों की इस्तलाह (स्त्री)– देखो ऐरा–फेरी

दूसरी फसल– खिदमती करकमीन
पेशा–दाईगिरी
ऊन/आनून (स्त्री)– बुर्का ख़ोल झिली (जेली) बच्चादानी पोता या पुचारा लेप जो किसी चीज़ पर किसी पतली चीज़ का किया हुआ हो। दाईयो की इस्तलाह में झिल्ली के उस ग़िलाफ को कहते है। जिसके अन्दर रहकर बच्चा माँ के पेट में परवरिश पाता है जो विलादत के वक़्त हट जाता है।
आवन नाल/ऑवन नाल (स्त्री)– आवन से मुतालिफ झिल्ली की नली जो माँ के पेट में बच्चो को आवन से मिलाए रखती है और इन्सान की नाफ उसके जोड़ का मुक़ाम होता है (काटना) बच्चे के पैदा होने के बाद आवन नाल को आवन से काट देना।

आठवाँ निसा बच्चा (पु0)– वो बच्चा जो मुर्कररा वक़्त से क़ब्ल हम्ल के आठवें महीने में पैदा हो जाए। ऑठवे महीने में पैदा हुआ बच्चा जिन्दा नहीं रहता।
अछवानी/अजवानी (स्त्री)– जचग़ीय के बाद ज़च्चा को पीलाने का अन्नाब और मर्वाज़ भुन्नके का हरीरा जो अजवाईन के हरीरे का बदल समझा जाता है और मुराद अजवाइन का हरीर होता है ओर यही इसकी वज़ह तसमिया है।
आज़ान देना (क्रिया)– मुसलमानों की रस्म यानि बच्चे को पैदा होने के बाद ही उसके कान पर मुँह लगाकर मामूली आवाज से आजान के अल्फाज़ प्ढ़ना।
हिन्दुओं में इस मौके पर ताली बजाने की रस्म अदा की जाती है। इससे मुराद बच्चे की कुत्तव समाअत को मोआसर करना होता है।
इसक़ात होना– देखो हम्ल गिरना और पेट गिरना।
अकड़वड़ा (पु0)– बच्चा पैदा होने के बाद जच्चा का जेरे नाफ़ बदन धोने के लिए बाज़ ख़ास झडी बुटी का तैयार किया जोशान्दा जच्की के बाद तीन चार रोज तक इस्तेमाल किया जाता है।
उकडू बिठाना (क्रिया)– बच्चे की पैदाइश में ग़ैर मामूली ताक़ीर या हालात की सूरत में जच्चा को हालात के सुधरने तक घुटने खड़े करके बैठाना जो बदली हुई हालत का इलाज समझा जाता है।
इकोन्च (स्त्री)– वो औरत जो एक ही बच्चा जनकर बॉजा हो जाए यानि एक बच्चा होने के बाद फिर उसके बच्चा न हो।
उकूनी (स्त्री)– वो औरत जिसको हमल ठहरने के बाद ग़ैर मामूली दौरे से उक्काईयाँऔर कै आती हो और दो तीन माह तक गिज़ा न पचती हो।
अलवान्ती/अलवान्टी (स्त्री)– वो जच्चा जिसकी ज़जकी का माद्दा ख़ारिज हो रहा हो। दाईयों की इस्तलाह में चिल्ले यानि चालीस दिन के अन्दर ही जच्चा को कहते है और इस मुद्द को उसकी नापाकी का ज़माना समझा जाता है।
उम्मीद से होना (क्रिया)– हमल ठहरने की अमालत का ज़ाहिर होना जो हामला होने का यक़ीन दिलाये। मुराद पेट से होना।
अन्न प्रासन (स्त्री)– देखो खीर चटाई
अनागिना महीना (पु0)– दाइयों की इस्तलाह में हमल के आठवें महीने को कहते है। क्यूँके आठवाँ महीना औरत के लिए बहुत नाजुक होता है, अगर इस महीने बच्चा पैदा हो जाये तो वो जिन्दा नही रहता। बराख़िलाफ़ इसके साँतवे महीने पेदा हुआ बच्चा जिनदा रहता हैइस लिए औरते ऑठवे महीने को बच्चे की पैदाइश के लिए मनहूस समझकर उसका नाम लेना बुरा समझती और इशारतन अनगिनत महीना कहती है।
अन्ना (स्त्री)– धाऐ वो औरत जो दूसरी औरत के बच्चे को अपने बच्चे के साथ दूध पिलाने की खिदमत अन्जाम दे या उस चि़ादमत के लिए तक़्क़रूर की जायें।
ऊपर तले के बच्चे (पु0)– यके बाद दीगरे या आगे पीछे पैदा हुए वे दो बच्चे यानि जिनकी उम्रों में सिर्फ एक हमल की मुद्द का फर्क हो।
ऊपरी दूध (पु0)– माँ के दूध के अलावा ग़ैर दूध जो बच्चे के परवरिश के लिए दूसरे जरिए से हासिल किया गया हो मुराद गाय या भैंस का दूध जो माँ के दूध के बदले बच्चे को पिलाया जाए।
ओत (पु0)– वो शख़्स जिसके औलाद न हुई हो या न होती हो और ऐसे शख़्स को भी कहते है जिसकी औलाद न रही हो जो उसकी वारिस बनती हो।

ऐठन (स्त्री)– दर्दज़ा दर्द का मरोड़ जो बच्चा पैदा होनं वक़्त औरत को रहता और जिसकी वज़ह हाथ पैर के पठठो में खिचाव पैदा होता है। (होना)
अईयाम आना (क्रिया)– दाईयों की इस्तलाह मुराद जवान और बगैर हमल के औरत का महीने में चन्द रोज जिनकी इन्तिहाई मुद्द दस दिन रहती है फिरती मालूम शुरू होना हैज़ आना या उस मुद्द में होना।
आईयाम से होना (क्रिया)– देखो आईयाम आना।
बान्ज (स्त्री)– वो औरत जिसको हमल न रहे या जिसके रहम में हमल करार पाने की फितरी सलाहियत न हो।
बट (स्त्री)– दूध पीते बच्चे के हाथ और पैरो के गट्टो पर मोटेपन की अलामत या गोश्त का उभरापन जो जोड़ों पर नुमाया और बल खाता मालूम हो। (पड़ना)
बिट्नी (स्त्री)– औरत की पसता का मुँह जिसमें से दूध निकलता है।
बच्चा पर्चना (क्रिया)– बच्चे का ढ़ाई अन्ना या खिलाने या रखने वाले से हिल जाना लगावट करना।
बच्चा फिरना (क्रिया)– बच्चे का माँ की पेट में हरकत करना। ये हरकत हमल के चौथे महीने से शुरू हो जाती है।
बच्चादानी (स्त्री)– रहम या रहम के अन्दर की वो थैली जिसमें नथफ़ॉ क़रार पाता और परवरिश होता है देखो बुर्क़ा और ऑवन।
बच्चा हटना (क्रिया)– दाईयों की इस्तलाह मुराद शेरख़्वार बच्चे का मर जाना।
बरसबेआदर (स्त्री)– वो औरत जिसके साल के साल बच्चा पेदा हो यानि तीन महीने दूध जामिन रहे। और दूसरा हमल करार पा जाये।
बर्सगाँठ (स्त्री)– सालगिरह बच्चे की उम्र की याददाश्त का कदीम रिवाज जो हर साल बच्चे की पैदाइश के दिन एक मुक़र्ररा और महफ़ुज़ डोरे में गिरह लगा देने को कहते है। इस डोरे की हर गिरह एक पूरे साल के शुमारे के लिए होती है ओर उनकी गिनती से उम्र के साल शुमार किये जाते है (डालना, पड़ना)।
बुर्क़ा (पु0)– देखो ऑवल
बिलकना (क्रिया)– सख़्त बेचैनी इज़तिराब की हालत में होना रोना या आवाज़ निकालना।
बेयत (स्त्री)– झोल एक हमल से दूसरे हमल के दरमियान का वक़्फ़ा यानि वो मददत जो एक हमल के बच्चा होने के बाद दूसरा हमल क़रार पाने के दरमियान फ़ितरी तौर पर बगैर हमल रहे।
दो हमलो के दरमियान की मुद्दत जिसमें फितरी तौर पर हमल न ठहरें (उर्दू अदब में लफ्ज़ बितना ओर बतिना अस्तेमाल होते है।)
1. बर्दाश्त करने और पूरा करने के मयानो में ओर दूसरा कपड़ा नापने और बराबर करने के लिए बोला जाता है।
उदाहरण– दस बरस मुसीबत बीती कुछ हासिल नही हुआ।
उदाहरण– नेक साअत देखकर शादी के कपड़े बीते जाते हैं। मज़कूर अलसदर अल्फाज में से कोई लफ्ज़ इस इस्तलाह का माखिज़ मालूम होता है।
बैन्तर (पु0)– वो बच्चा जो ख़िलाफ़े मामूल वक्फ़े के बाद पैदा हो या चार बच्चो के बाद का बच्चा पाँचवॉ झोल।
पालना (पु0)– देखो पिनगारों

पाव भारी होना/पैर भारी होना (क्रिया)– दाईयों की इस्तलाह मुराद ओरत का हमल से होना जो उसके वज़न की ज़्यादती दूर चलने में कदमों के भारी होने का सुबब होता है।
पाँव फेरना/पैर फ़ेरना (क्रिया)– दाइयों की इस्तलाह मुराद ज़च्की ख़ाने से बाहर आना चलना फिरना शुरू करना। रिवाजन ज़च्चा का 40 रोज के बाद अपने मायके या किसी अजीज करीब के यहाँ तबदील मुक़ाम के लिए या किसी इबादतख़ाने में सिजदा शुक्र अदा करने जाना।
2. हमल के आखिरी दिनों में माँ बाप के घर मुलाक़ात को जाना।
पाइल बच्चा (पु0)– वो बच्चा जिसकी पैदाइश पैरों की तरफ से हो यानि पैदा होने पहले पैर बाहर आये।
पसली लगाना (क्रिया)– ज़माना हमल में पेट के बच्चे पर पसलियों से टक्कर खाना या हमल का माँ की पसलियों तक पहुँच जाना।
पंजीरी (स्त्री)– जच्चा को खिलाने की एक किस्म की नक़वी रिज़ा जो सदा कुन्द घ्र और मेवा मिलाकर तैयार की जाती है इस गाज़ा से दूध ज्यादा होता है।
पंगूरा (पु0)– शेरख़्वाह बच्चे के सुलाने का झूला जो एक छोटे से हौदे की शक्ल होता और झूले की तरह लटका दिया जाता है।
पोतडा (पु0)– गन्टेतारा नौज़ाएदा बच्चे की जंगियाँ या जाँग पर बाँधने का कपड़ा तफसील के लिए देखो जंगियाँ।
पोतड़ो का अमीर (पु0)– वो बच्चा जो खानदानी और पैदाइश्र अमीर हो।
पूरे दिन होना (क्रिया)– हमल की मुद्दत ख़त्म पर आना।
उदाहरण– चाँद की पहली तारीख इसको पूरे दिन लग गये।
पूरे दिनों का हमल (पु0)– वो हमल जो मुक़मल हो गया हो।
पूरे दिन होना (क्रिया)– हमल की मुद्दत पूरी हो जाना।
उदाहरण– सरकार दुल्हन पूरे दिनों की है इस लिए दाई को हर वक़्त मौजूद रहने का हुक़्म हो।
पैन्नोठन/पिनोठन (स्त्री)– पैनोन वो औरत जिसको पहली मरतवा का जना हुआ बच्चा।
पैनोनटी का हमल (पु0)– औरत का पहला हमल या पहली मरतवा का करार पाया हुआ हमल।
पहलोन/पैलोन (स्त्री)– देखो पैन्नोठन
प्याऊँ (पु0)– वो शीरा जिसमें जच्चा के खाने के लिए कोई चीज परवर्द की जाए या तर रख्र जाए। यहाँ तक के शीरा इसमें जज़्ब हो जाऐ। मुरब्बा साजों की इस्तलाह में भी ऐसे शीरे को जिसमें कोई हल परवर्द किया जाए। प्याऊँ कहते है।
पेट (पु0)– दाईयों की इस्तलाह मुराद हमल (ठहरना, रहना) हमल करार पाना पेट में बच्चा पलना, या नथवा कायम होना।
उदाहरण– शादी के पहले ही महीने बीबी को हमल ठहर गया या पेट रह गया। (सोतना) बच्चा पेदा होने के बाद हमल की आलाइश ख़ारिज होने को जच्चा को पेट अहिस्ता अहिस्ता मिलना। (गड़ना, गिराना, निकलना, निकालना) किसी बेएहतियाती या नुक़्स की वज़ह से हमल का क़ब्ल अज़वत ख़ारिज होना या ख़ारिज करना।
उदाहरण– बम की आवाज़ से औरतों के पेट गिर जाते है।
उदाहरण– मग़रिबी मुमालिक में पेट गिराने का रिवाज़ आम हो रहा है।
उदाहरण– पेट गिरने की बड़ी तकलीफ़ होती है। (होना) हमल से होना बच्चा पेट में होना।
उदाहरण– मुलाज़मा पेट से हैइसलिए उससे काम नहीं होता।

पेट पोछना (पु0)– औरत का आखिरी बच्चा। पिछला बच्चा जिसके बाद हमल न रहा हो। (पोछना बमाइनी पोछने वाला)
पेट ठण्डा रहना (मुहावरा)– औरतों का मुहावरा मुराद औलाद की तरफ से सुख पाना। औलाद का चैन और आराम से रहना।
उदाहरण– ख़ुदा तेरा पेट ठण्डा रखें।
पेट में आग लगाना (मुहावरा)– औलाद से दुःख पहुँचना, दिल जलना, नालायक़ औलाद पैदा होना।
पेट में पड़ना (मुहावरा)– देखो पेट पड़ना।
उदाहरण– मैं इस घड़ी को याद करके रोती हूँ जिस घड़ी यह लड़का पेट में पड़ा था।
पैट का बच्चा (पु0)– एक बच्चे के बाद दूसरा बच्चा।
उदाहरण– पैलौनटा के लड़के की पीठ का बच्चा जाता रहा यानि मर गया।
पैर भारी होना (क्रिया)– देखो पॉव भारी होना।
पैर फेरना (क्रिया)– देखो पॉव फेरना।
पैर छुटना (क्रिया)– औरत को ख़िलाफ–ए–मालूम हैज़ जारी होना और जारी रहना।
पेणू (पु0)– औरत के पेट में बच्चे दानी की जगह नाफ से नीचे का हिस्सा पेट।
तारे दिखाना (मुहावरा)– बच्चा पैदा होने के 6 रोज बाद जच्चा को रात के वक़्त ज़च्चाख़ान से बाहर खुली जगह लाना। जहाँ आसमान दिखाई दे। जो बतौर शगुन किया जाता है। मक़सद ज़च्चा को खड़ा करना और खुली जगह लाना होता है।
तातवाँ (पु0)– बच्चे को पहनाने का पहला जोड़ा कुर्ता, टोपी जो रिवाज़न ननिहाल की तरफ से दिया जाता है।
तातवाँ (पु0)– पैदा हुए वे बच्चे की ज़बान के नीचे लगी हुइ एक बारीक झिल्ली जिसको दाई निकाल देती है ताकि ज़बान हरकत करने लगे। (तोड़ना)
तैतरा (पु0)– तीन लड़कियों के बाद पैदा होने वाला लड़का।
तैतरी/तैंतरी (स्त्री)– तीन लड़के के बाद पेदा होने वाली लड़की। हिन्दुओं में ऐसी लड़की को नमुबारकख़्याल किया जाता है।
तेलड़ (स्त्री)– देखो तैतरी।
थाली बजाना (क्रिया)– देखो आज़ान देना।
फिकरा–
थालिया रखना (क्रिया)– दाँत निकालने के जमाने में बच्चे का मसूड़े चबाना।
टोटा (पु0)– ऑवों नाल का हिस्सा बच्चे की नॉफ से जुड़ा होता है। जो पैदाइश के कुछ दिनों बाद सुखकर झड़ जाता है। मादद
ठीकरा उठाना (क्रिया)– ऑवन नाल और दिगर ज़च्की की अलाइश का वर्तन जो ले जाना और किसी महफ़ूज़ जगह गाड़ देना। ये खिदमत घर की महतरानी (सफाई करने वाली) अन्जाम देती है। और इसके एवज उसको हस्बे मक़दूर नकदी दी जाती है जो उस वर्तन में डाल दी जाती है।
जाल पड़ना (क्रिया)– 6 सात रोज के बच्चे के जिस्म पर खून फैलाने और बढ़ने की अलामत का जाहिर होना।
जना (पु0)– शख़्से वाहिद जननी मुअनस (स्त्री) के लिए बोला जाता है। इस काम पर तीन चार जने लगे हुए हैं। और किसी तरह पूरा नही होता।
जनाना (क्रिया)– बच्चे के पैदा होने के बक़्त देखभाल और ख़िदमत अंजाम देना।

जनाई (स्त्री)– बच्चे के पैदाइश के वक़्त ख़िदमत का दाई का मुआवजा।
जन्मपत्री (स्त्री)– बच्चे के पैदाइश के वक़्त नाम और दीगर हालात लिखा हुआ काग़ज़ जो बतौर याददाश्त लिखा जाए। हिन्दुओं में इस काग़ज़ को बड़ी एहमियत दी जाती है।
जनशोवर (पु0)– नौ ज़दा बच्चा।
जन्मदिन (पु0)– पैदाइश का दिन यौमे इलादत।
जन्मरोगी (पु0)– बच्चा जो माँ के पेट से मरीज पैदा हो या उसकी सेहत में नुक़्स हो।
जन्मघुट्टी (स्त्री)– चन्द दवाईयों का जोशान्दा जो बच्चे को सबसे पहले बजौर गिज़ा दिया जाता है।
जन्मगो (पु0)– बच्चो के पेट का फिज़ला जो पैदा होते ही ख़ारिज हो यानि वो ख़िजला अयमि हमल में उसके पेट में जमा होता रहे।
जन्ना (क्रिया)– बच्चा पैदा होना बच्चा देने।
उदाहरण– जन्ना मरना बराबर होता है।
जुड़वाँ बच्चा/जोडुवाँ बच्चा (पु0)– हमल के दो बच्चे जो साथ में पैदा होते है।
जैली/जैरी (स्त्री)– देखो झैली।
झैली (स्त्री)– जैली (जैरी) ऑवन बुर्का को थैली जिसमें बच्चा माँ की पेट में रहता है देखो ऑवन (छोकड़ना) विलादत से थोड़ी देर पहले हमल का सिमटकर पेट के निचले हिस्से में आ जाना (आना) ऑवन का पेट से खारिज होना (देना) झोला देने का गलत तल्लफुज़ मुराद बच्चा पेदा होते वक़्त हामला के पेट को ऊपर से पकड़ कर अहिस्ता अहिस्ता हरकत देना ताकि बच्चा नीचे उतरे।
चट्टे बट्टे (पु0)– छोटे बच्चे के चीजों के टकराने की आवाज सुनने का आदी बनाने को लकड़ी के बने हुए छोटे बड़े गोले जिसको लड़ाकर आवाज़ की जाती है।
चढ़्ढ़ा (पु0)– रान और पेणू के दरमियान की जगह देखो पेणू।
चिल्ला (पु0)– चालीस दिन की मुद्दत दाइयों की इस्तलाह में बच्चा पेदा होने के बाद के पूरे चालीस रोज़। (नहलाना) बच्चा पैदा होने के 40 (चालीस) रोज़ जच्चा को गुस्ले सहत देना।
चिल्ले का बैत (पु0)– वो हमल जो औरत को बच्चा जनने के चालीस रोज़ बाद रह जाए।
चिल्ले का नहान (पु0)– ज़च्चा का बच्चा जनने के चालीस रोज बाद का गुस्ल।
चीरा (पु0)– देखो रहम
चीरज (पु0)– माँ के रहम में परवरिश पाकर पैदा होने वाली मख़लूक।
छत झुकना (पु0)– दाइयों की इस्तलाह मुराद रहम का नीचे को आ जाना। जो बच्चा पैदा होने का वक़्त करीब आने की अलामत समझी जाती है।
छठ्ठी (स्त्री)– बच्चा पैदा होने की बाद की एक हफ़्ते या छः रोज़ की मुद्दत जिसके बाद ज़च्चा चलने फिरने के काबिल हो जाती है। (होना) बच्चा पेदा होने के छः रोज़ बाद की रस्म अदा होना (देना) छठी की रस्म के मौके पर ज़च्चा बच्चे को तोहफ़े देना जो अमूमन जच्चा के माँ बाप की वगैरह की तरफ से पेश किये जाते है। (नहाना) बच्चा पैदा होने के छः रोज़ बाद का गुस्ल।
छोटक/छोचक (स्त्री)– ज़चनी खाने की नापाकी से अलैदगी या बचाव जो कम से कम चालीस रोज तक किया जाता है। हिन्दु मज़हब में इतनी मुद्दत तक जच्चा के साथ मेल जोल करने को गन्दगी में शरीक़ होना समझा जाता है।
छोछक (स्त्री)– देखो छोटक वो रस्म जो जज़की के 40 (चालीस) रोज़ बाद की जाये देखो पॉव फेरना।
हमल (पु0)– देखो पेट (रहना, भरना, होना, गिरना, गिराना)

दाँतो पर होना (क्रिया)– बच्चे के दाँत निकालने का ज़माना आना।
दाई (स्त्री)– बच्चे जनाने का पेशा करने वाली औरत (दाइ से पेट छुपाना मुराद वाक़िफ़े हाल से राज़ रखना)
दत्तला बच्चा (पु0)– वो बच्चा जिसके मुँह में पैदाइश- दाँत हो यानि माँ के पेट मे दाँत निकल आये हो।
देर्द ज़ह (पु0)– बच्चा पैदा होने का दर्द देखो ऐठन।
दर्द लगना (क्रिया)– बच्चा पैदा होने का दर्द शुरू होना।
दिन टलना (क्रिया)– दिन चढ़ना औरत के माहवारी मामूल में रूकावट होना जो पेट रहने की अलामत समझी जाती है।
दिन चढ़ना (क्रिया)– देखो दिन टलना।
दोजिया (स्त्री)– दाईयों की इस्तलाह मुराद हामला औरत यानि एक उसकी अपनी ज़ात और दूसरा पेट का बच्चा।
दूध उतरना (क्रिया)– दूध आना ज़च्चा की छातियों में दूध पैदा होना, दूध की आमद होना।
दूध भाई (पु0)– एक ही औरत का दूध पीने वाले बच्चे जो मुख़तलिफ़ माँ से हो।
दूध चढ़ना (क्रिया)– देखो दूध उतरना।
किसी वजह से छातियों में दूध न आना रूक जाना या कम हो जाना सूख जाना या दूध का मोझ खाना।
दूध छुड़ाना (क्रिया)– एक मुर्कररा मुद्दत पर माँ का बच्चे को दूध पिलाना बन्द कर देना।
दूध सूखना (क्रिया)– दूध पिलाने की मुद्दत ख़त्म होने पर छातियों में दूध आना बन्द हो जाना देखो दूध चढ़ना।
दूध ज़ामिन होना (क्रिया)– दाईयों की इस्तलाह मुराद दूध पिलाने के जमाने में औरत का हमल न रहना।
ये मुद्दत औरत के मिज़ाज और तिब्बी कैफ़ियत के लेहाज़ से कम ओर बेश होती है।
दूध मुडा खाना (क्रिया)– देखो दूध चढ़ना।
दूधो नहाना (क्रिया)– दुआइया कलमा मुराद दूध की ज़्यादती होना जिससे बच्चा खूब अच्छी तरह सैर होता रहे।
दहावड़ (पु0)– अन्ना (दूध पिलाने वाली का का मर्द) अन्ना को हिन्दी बोली में धाए कहते है।
धाए (स्त्री)– अन्ना, दाया,ददा, दूध पिलाने वाली औरत जो इस ख़िदमत के लिए मुर्कररा की गई हो।
धरन (पु0)– देखो रहम बच्चादानी।
रास (पु0/स्त्री)– बच्चे गोद लेने की रस्म (बिठाना, देना, लेना)
रहम (पु0)– बच्चेदानी, चीरा, धरल, औरत के जिस्म में हमल क़रार पाने का अजु।
रसुलिया बच्चा (पु0)– वो बच्चा जिसके पिशाब करने के अजु पैदाइश- खाल का घूघँट (पर्दा न हो)
रवे लगाना (क्रिया)– हमल ठहरने के इब्तेदाई ज़माने में हामला को मतली और क़य होना।
ज़च्चा (स्त्री)– वो औरत जिपर बच्चे देने का असर बाक़ी हो और जिसकी मुद्दत चालीस रोज़ होती है।
ज़जकी (स्त्री)– बच्चा जनने की हालत (होना)
ज़जकी खाना (स्त्री)– सोड़ वो इमारत जो बच्चे की विलाप्त के लिए मख़सूस हो।

साद (स्त्री)– हामला औरत की गोद भरने की रस्म जो हमल के साँतवे महीने तक मेवे और तरकारी से भरी जाती है (करना)
सत्त पोता/सत्त पोती (स्त्री/पु0)– सात बच्चो की माँ या बाप।
सत्तवान्सा (पु0)– सत्तमानस हमल के साँतवे महीने पैदा हुआ बच्चा।
सटोरा (पु0)– ज़च्चा के खिलाने की तैयार की हुई मक़कवी गिज़ा। तफसील के लिए देखो जिल्द सोम।
सूरज बन्सी (पु0)– वो बच्चा जिसका मुँह, सर, और आँखो के बाल पैदाइशी लाल हो। फारसी में ऐसे बच्चे को ज़ाल कहते है।
सुरज मूखी (पु0)– वो बच्चा जिसका मुँह सर और आँखो के बाल पैदाइशी सफेद हो और सुरज की रोशनी में आँख पूरी न खोल सके।
सोड़/सोंड़ह (स्त्री)– 1. संस्कृत शुदा बमाने सोना या आराम करना मुराद ज़जकी खाना।
2. बैत एक हमल से दूसरे हमल के दामियान का वक़फ़ा बाज़ औरत की ये मुद्दत कम होती है और बाज़ ज़्यादा इस वक़ेफ की ज्त्रयादती 12 (बारह) बरस तक होती हैं। कम मुद्दत के वक़फ़े को इस्तलाहन नीची सोड़ और ज़्यादा मुद्दत के वक़फे को उँची सोड़ कहते है।
सोअर बयाना (स्त्री)– वो औरत जिसकी हर साल बच्चा हो यानि चिल्ले में हमल रह जाए।
योरती बैत (पु0)– वो औरत जिसको बारह बरस के बाद हमल रह जाए वो हमल योरनी बैत कहलाता है।
काड़ा (पु0)– बाज़ अवाओं का जोशांदा जो कच्चा बच्चा होने की हालत में जच्चा को पिलाया जाता है। ताकि हमल के अजज़ा में ज़हरीला माद्दा न पैदा हो।
काला दाना (पु0)– एक किस्म के पौधे के बीज जो जज़की ख़ाने में जलाये जाते है उनका धुआँ हवा को साफ करता है।
कपड़ो से होना (मुहावरा)– औरत का माहवारी नापाकी (ईज़) की हालत में होना।
कच्चा बच्चा (पु0)– हमल की पूरी मुद्दत गुज़रने से क़ब्ल पैदा हुआ बच्चा।
कच्चा हमल (पु0)– थोड़े दिन का हमल वो हमल जिसकी मुद्दत पूरी न हुई हो।
कच्चे दिन (पु0)– हमल ठहरने की इबतिदाई मुद्दत जिसका शुमार तीन चिल्लो या चार माह में होता है।
किवाड़ी (स्त्री)– सीने का बग़ली रूख यानि पसलियों की हद जो हमल की इन्तहाई जगह होती है।
कोपा (पु0)– नाभ कवल, नाफ़ का निशाना।
कोण (पु0)– देखो पेडु, मादा।
कोड़ी/कोली (स्त्री)– कोले और कूल्हे और पसली के दरमियान का हिस्सा जिस्म।
कोक/कोख (स्त्री)– संस्कृत कोकश बमायनी पसलियों से नीचे का हिस्सा जहाँ तक हमल का फैलाव होता है।
कोंथना (क्रिया)– दाइयों की इस्तलाह मुराद दर्दे जह के वक़्त हामला औरत का सास रोक कर नीचे की तरफ दबाव डालना ताकि बच्चा नीचे उतरे।
खीर चटाई (स्त्री)– अन्न परासना शेर ख़्वार बच्चे को पहली मरतवा ग़िज़ा खिलाने की रस्म जो अमूमन खीर से शुरू की जाती है। (करना)
गैलन का दर्द/गाभ का दर्द (पु0)– बच्चा पेदा होने के बाद का दर्द जो रहम के अन्दर रूके हुए खून के ख़ारिज होने को दर्दे ज़ह कह तरह होता है।

गटरेटर (पु0)– निहाचला, पोथड़ा, भलोरिया।
ग़ला करना (क्रिया)– बच्चे के पैदा होने के बाद दाई का उसके हलक को उगली से साफ करना। गले के वदूद दवाना।
गड़ोना (पु0)– बच्चे को पैरो चलना सिखाने की गाड़ी। तफसील के लिए देखो जिल्दपंजम।
गन्टरेत्रा (पु0)– देखो पोतड़ा।
गोबर की भायइ (स्त्री)– हिन्दुओं के अक़ीदे में ज़च्चा ख़ाने की एक देवी का नाम जिसकी शक्ल खुली हुई कैची की मुशाबा बनायी जाती है।
गोद आना (क्रिया)– और के जवाँ होने की अलामत का जाहिर होना। छातियाँ उभरना
गोद भरना (क्रिया)– हमल के सॉतवें महीने में हामला औरत की ओढनी की झोली को ताज़ा फल और मेवे से भरने की रस्म अदा करना जो उसके साहिबे औलाद होने का शगुन सजाता है।
गोद त्राली होना (क्रिया)– दाईयों की इस्तलाह मुराद औरत का शेर ख़्वार बच्चा मर जाना।
गोद लेना (क्रिया)– बेऔलादी औरत का किसी दूसरे के बच्चे को अपना बच्चा अख़्तियार करना।
गहना बच्चा/गहनाया बच्चा (पु0)– वो बच्चा जिसके किसी अज़ु में खिलाफे मामूल पैदाइश्ा कमी वाक़े हुइ हो यानि सुकड़ गया हो, और में ये बात मशहूर है कि सूरज या चाँद गहन के वक़्त हामला औरत बाहर निकले तो गहन के असर से बच्चे के किसी अज़ु में नुक्स पैदा हो जाता है जो गयना कहलाता है।
घुट्टी (स्त्री)– देखो जन्म घुट्टी बच्चे की पेट साफ करने की दवाओं का जुशाँदा (देना)।
लाम का बैत (पु0)– वो हमल जो दूध ज़ामिन होना यानि बच्चे के दूध पिलाने के ज़माने में जबके हैज़ आना बन्द रहता है ठहर जाए।
लुपड़ी (स्त्री)– बच्चे के जिस्म में मालिश करने को मैदे की बनायी हुई लोई (पेड़) (करना) मैदे के पेड़े (लोई) और तेल से बच्चे के जिस्म की मालिश करना।
लोका (पु0)– संस्कृत उल्क़ा बामायनी शहाब साकिब जिससे हिन्दुओं में ज़च्चा के लिए शगुन लिया जाता है। लेनी करना (क्रिया)– बच्चे को अन्न यानि दूध पिलाने वाली औरत से वापस लेने की रस्म करना। जो दूध छुड़ाने के बाद की जाती है। इस मौके पर दूध पिलाने वाली का हक़ और नेग दिया जाता है।
महावार बन्द होना/रूकना (क्रिया)– औरत का माहवारी मामूल (हैज़ आना) मौकूफ हो जाना।
माहवारी कपड़े (पु0)– हैज़ के कपड़े।
मुत्तलेड़ी (स्त्री)– लेसदार माद्दे की थैली जो आवन के साथ होती है। और बच्चे के पैदाइश के वक़्त फट जाती है। जिसका माद्दा बच्चे के पैदा होने में आसानी पैदा करता है।
मण्री (स्त्री)– हिचकी जो शेर ख़्वार बच्चे को पेट भरे पर आती है। उसको इख़लास से मण्री कहते है क्यूँके हिचकी की मफ़ूम में बुराइ है (आना)
मरियम का पन्जा (पु0)– एक जंगली झड़ी जिसको बच्चा पेदा होने के वक़्त पानी में भिगोने से ख्याल किया जाता है के उसके असर से बच्चा असानी और जल्दी से पैदा हो जाता है।
मुन्डन (स्त्री)– बच्चे के सर के पैदाइशी मुड़वाने की रस्म जो छठी चिल्ले में किसी मुर्कररा दिन की जाती है। बच्चे के पहली मरतवाँ सर के बाल मुड़वाना।
महीना आना (क्रिया)– औरत का माहवारी मामूल से होना हैज़ आना।
महीना चढ़ना (क्रिया)– देखो दिन चढ़ना
महीना लगना (क्रिया)– हमल का पहला महीना गुज़र जाना।

महीने से होना (क्रिया)– औरत का माहवारी नापाकी की हालत में होना।
महीने का बिगाड़ (पु0)– औरत की माहवारी हालत में ख़राबी।
महीने की ज़्यादती (स्त्री)– औरत का माहवारी हालत में मामूल से ज़्यादा दिनों मुफतला रहना हैज़ का मामूल से ज़्यादा आना और इसकी कमी को महीने की कमी कहा जाता है।
महीने के दिन (पु0)– हैज़ आने का ज़माना।
नाप कवल (पु0)– कोपा, नाक का मुँह या उसकी जगह।
नाफ जाना/नाफ टलना (क्रिया)– नाफ की रगो में ख़राबी या बेतरतीबी होना।
नाल (स्त्री)– देखो आवन नाल (काटना)
नाल कटाई (स्त्री)– बच्चे की आवन नाल काटने का मुआवज़ा या नेक जो दाई को दिया जाए।
नपूता (पु0)– बे औलाद शख़्स। नपूती– बे औलाद की औरत।
नला (पु0)– रहम के पहलूओं की खाली जगह (प्लान) रहम के पहलूओं की खाली जगह बिगाड़ हो जाना।
नाम धराई (स्त्री)– बच्चे के नाम रखने की रस्म।
वज़अए हमल (पु0)– बच्चा पैदा होना।
हुडका (पु0)– लत्ज होका का इस्तलाही तल्लफुज़ हौन्ज़ बच्चे को दूध छुड़ाना या अपनी दया से अलैहदा होने का गम (करना)।
हुमकना (क्रिया)– बच्चे का गोद में उचकना, आगे की तरफ लपकना या बढ़ने के लिए हरकत करना।
हसली उठाना (क्रिया)– बच्चे की गले हड्डी में तकलीफ पैदा होना।
हुऑ हुऑ (स्त्री)– पैदा हुए बच्चे के रोने की आवज़।
हौन्स (स्त्री)– नज़रेबद का असर आह का असर, बददुआ का असर (लगना)

पेशा–ए–मुशादगिरी–
आब दार नाखून (पु0)– नाखून जिसमें चमक चिकनापन और सफेदी की झलक हो। औरतों के हुस्न की एक अलामत समझे जाते है।
आरती (स्त्री)– हिन्दुओं में शादी के मौके की एक रस्म का नाम जिसमें एक मुर्क़ररा तदाद घ्र के चरागों की तदाद में रख कर दुल्हे के मुँह के सामने घुमाते और सर से पैर तक चक्कर देते है। इस मौके पर जो गीत गाये जाते है उसको आरती गाना कहते है (होना, करना)
आरती मुस्हफ़ (पु0)– हिन्दुस्तानी मुसलमानों में शादी की मौके की एक रस्म जिसमें निकाह के बाद दुल्हा और दुल्हन के दरमियान कुरानशरीफ़ ओर आईना रखा जाता है। ताकि कुरानशरीफ़ पर नजर डाल कर दुल्हा पहली मरतवॉ आईने में दुल्हन का चेहरा देखे (होना, करना)
दाक्खिन में इस रस्म को जुल्वा कहते है, जो ज़लवे का ग़लत तल्लफुज़ है।
आँचल गाँठ (स्त्री)– दुल्हा और दुल्हन के दामनों या पल्लू के सिरों की गिरह जो शादी हो जाने या जोड़ा बनने यानि रिश्ता होने के ऐलान का इज़हार होता है।
उबटना (पु0)– जिस्म पर मलने का एक किस्म का तैयार किया हुआ खुशबदार मसाला जो आमतौर से शादी के मौके पर दुल्हा दुल्हन के जिस्म पर मलने के लिए तैयार किया जाता है और शादी में चन्द रोज़ पहले उसकी एक रस्म अदा की जाती है।
अछवन (स्त्री)– हिन्दुओं में शादी की मौके की एक रस्म जिसमें मोढ़े पर बिठाकर हाथ पैर धुलवाऐं जाते है और चुल्लू से पानी पिलाया जाता है जो शादी का कौल व इक़रार समझा जाता है।

अड्डा (पु0)– पेशावरों की मुशतरफा इस्तलाह बाज़ारी बोली में आवारा औरतों के ठीकानों को कहते है। जहाँ जमा होकर वो मर्दो से आशानाइयाँ करें।
अंग मिलाई (स्त्री)– हिन्दुओं में शादी के मौके की एक रस्म जिसमें शादी होने की रस्म से क़ब्ल दुल्हा दुल्हन को आईने से सामने खड़ा किया और एक दूसरे को दिखाया जाता है और समधन वगैरह आपस में गले मिलते है। दार्क्खन के मुसलमानों में यह रस्म अदा की जाती है।
ओआदर (स्त्री)– महमानों के रखरखाव उनकी इज़्ज़त व आबरू करने का तरीका (करना, होना)
बात (स्त्री)– मुशात की इस्तलाह मुराद शादी का प्याम जो लड़की वाले के घर दिया जाए (ठहरना) लड़के और लड़की वालों के दरमियान शादी की बात चीत पक्की करना (देना) लड़के वाले के यहाँ शादी की दरख़्वास देना या सवाल करना। पयाम देना (लगाना) शादी का मामला ठहरना, शादी करने ज़िक्र करना (ले जाना) लड़की वाले के घर शादी का पयाम पहुँचाना।
बार द्ववारी (स्त्री)– देखो बर द्ववारी
बान बिठाना (क्रिया)– 1. हिन्दुओं में शादी की आग़ाज़ की रस्म जिसमें दुलहा दुल्हन को चन्द रोज़ कब्ल नज़रेबद से बचाने के कोने में बिठाते है।
2. ये रस्म थोड़ी सी तबदीली के साथ मुसलमानों के घरानों में भी होती है जिसको मायूँ बिठाना और माझाँ बिठाना कहते है। उसी रोज़ दुल्हे और दुल्हन के उबटना लगाया जाता है।
बताना (पु0)– लखनऊ वालों की बाज़ारी इस्तलाह मुराद कबियों और हिज़ड़ो का दलाल और उनकी खिदमत की महफ़िलो को गरमाने वाला साथी।
बिजोग (पु0)– बिगाड़, झगड़ा, नइत्तफ़ाक़ी।
बिदा (स्त्री)– अरबी लफ्ज़ बिदा का गलत तल्लफुज़ रूखसती, दुल्हन के मौके से ससुराल को रवानगी (करना होना)
बरात (स्त्री)– शादी का जुलूस (चढ़ना, जाना) शादी के जुलूस की दुल्हा के घर से दुल्हन की तरफ रवानगी (उठना, निकलना) शादी के जुलूस का अपने मुकाम से बरामद होना। (बनाना) शादी के जुलूस को तरतीब देना (फिरना) शादी के जुलूस को शाह राहों से गुज़ार कर ले जाना।
दाराती (पु0)– शादी के जुलूस के हमराही। जुलूस में शिरकत करने वाले।
बरद्ववारी (स्त्री)– दुल्हा को दुल्हन के दरवाज़े पर रोकने रस्म।
बरकन्या (स्त्री)– शौहर वाली औरत।
बरी (स्त्री)– खुश्क मेवा और मिठाई की किस्म की चीज जो मायूँ (बान) बिठाने के मौके पर दुल्हे की तरफ से दुल्हन के लिए बतौर तोहफ़ा भेजी जाए।
ये तोहफ़ा बिरादरी या मुक़ामी रिवाज के मुताबिक दिया और लिया जाता है (जाना, आना, देना)
बिखेर (पु0)– देखो निछावर।
बन्दल बारी/बनदल वारी (पु0)– बन्धन द्ववारी हिन्दुओं में शादी ब्याह या ख़ास त्योहार के मौक़े पर घर के दरवाजे को ताजा फूल पत्तों की झालर बाधँने का तरीका। जो इस तकरीब की अलामत समझी जाती है। झालर अमूमन आम के पत्ते की बनाते है।
बना/बन्नड़ा (पु0)– दुल्हा
बन्नडी (स्त्री)– दुल्हन
बहनोई (पु0)– बहन का खाँबिन्द
बहु (स्त्री)– बेटे की जोरू (बीवी)

बहुणा (पु0)– वो तोहफा (खाना, मिठाई, वगैरह) जो बहु के मौके से आये। शुमाली हिन्द के मुसलमानों में बिदा और (विदा) के मौके पर लड़की के हम राह जो खाना भेजा जाता है उसको इस्त्तलाहन बहुणा कहते है (देना)

ब्याह (पु0)– शादी ख़ाना आबादी की तक़रीब (रचना, होना)

ब्याहता बीवी (स्त्री)– बच्चे या सरपरसतों की करायी हुई पहली बिवी जो आम रसूम के साथ ब्याह कर लायी गई हो।

बेसवा (स्त्री)– बाज़ारी औरत जो किसी एक मर्द की होकर न रहे, देखो रन्डी।

कहावत– बिसवा, बन्दर, अग्नि, जल, कोती, कटक, कलार, ये दस होत न अपने सूजी सवा सुनार।

बीवी (स्त्री)– बी, बीवी बेग़म शरीफ़ और ब्याही औरत को मुख़ातिब करने का मुहज़जब कलमा मुराद घरवाली, ज़ौजा वग़ैरह।

भान्जा (पु0)– बहन का बेटा।

भतीजा (पु0)– भाई का बेटा।

भडुवाँ (पु0)– देववस, कुर्रम साख़ वो शख़्स जो अपनी औरत के नजायज़ फ़ेल को नज़र अन्दाज़ करें या उससे नजायज़ कमाई हासिल करें। भाड़ा खाने वाला औरत की खर्ची करने वाला।

भैट/भेट (स्त्री)– हिन्दुओं में लड़की वाले की तरफ से लड़के बाप को दिया जाने वाला तोहफा जो बरवक़्त रूख़सत बतौर नज़राना उसको दिया जाता है।

पनदान ख़र्च (पु0)– नफ़क़ा अलावा रोटी कपड़े के ज़ौजा के रोज़मर्रा के मामूली इख़राजात का सर्रफ़ा जो शौहर से मुर्क़रर कराया जाए। इस्तलाहन पानदान ख़र्च के नाम से मौसूम किया जाता है। (देना) और मुर्क़रर करना।

पनदान होना (क्रिया)– वस्ते हिन्द के बाद इलाक़ो की इस्तलाह मुराद निस्बत क़रार पाना। शादी कमी बात ठहरना, मँगनी डपा जाना।

पट्टा फेरना (क्रिया)– हिन्दुओं में शादी के वक़्त की रम जिसमें नशिशतों को बदला जाता है यानि दुल्हन को दुल्हे दायी तरफ से लाकर बायी तरफ बिठाया जाता है।

पिस्ता दहन (सिफ़त)– वो औरत जिसके होठ पतले और बाहम मिले रहते हैं।

कहावत– एक पन्त दो कॉच

पल्ले पड़ना (क्रिया)– दामन से बँधना। हिन्दुओं में औरत को मर्द के दामन से बाधना। मर्द का रिस्ता हो जाने का ऐलान समझा जाता है। और शादी की तक़रीब की रस्मों की असल होती है।

रोज़मर्रा में पल्ले झाड़ना, पल्ले बाधँना।

पन्त (पु0)– तक़रीब और जलसा।

पोता (पु0)– बेटा का बेटा।

पयाम देना (क्रिया)– देखो बात देना।

पी0 दिखाना (क्रिया)– शौहर का सफर का जाना, औरत से बेरूखी करना, अहद शकनी करना बेवफाई करना।

पीली चिठ्ठी (स्त्री)– मँगनी का रक़्का, शादी पत्तर हिन्दुओं में रिवाजन इस किस्म का रूक़्का ज़र्द रंग या हल्दी के रंग के छिटे दिये हुए कागज़ पर लिखा जाता है और यही उसकी वज़ह तसमिया है।

फुफिया सॉस (स्त्री)– देखो सॉस

फेरे (पु0)– हिन्दुओं में दुल्हा दुल्हन का पल्लू बाँधकर शादी की मजलिस में हस्बे दस्तूर फिराने का तरीका जो रिश्ता होने का ऐलान समझा जाता हैं (होना, पड़ना)

तऊ ताया (पु0)– बाप का सबसे बड़ा भाई।
उदाहरण– दुल्हा दुल्हन से ताऊ भाऊ बड़ा है।
तई (स्त्री)– ताऊ की बीवी देखो ताऊ।
तिलक (पु0)– पिश्वाज़– वो लिबाज़ जो हिन्दुओं में दुल्हन को शादी के दो एक रोज़ गुजरने के बाद हनाते है। ये जोड़ा ब्याही औरतों के लिबाज़ के मुताबिक होता है और उसके पहनने से दुल्हन को ब्याही औरतों में शामिल करना मुराद ली जाती है।
तोरना (स्त्री)– तोरल संस्कृत लज्ज़ है जिसकी मायने सजीली महराब या दरवाज़े की खुशनुमा बनाई हुई कमान। हिन्दुओं में इस्तलाहन शादी के मौके पर घर की सजावट को कहते है जो ताजा फूल और पतो की हार से सजाया जाये। उर्दू अदब में लत्ज़ तोहरा या तोरा अनोखे पन के मायनों में बाला जाता है।
तोरन (स्त्री)– अड्डे पर बिठाये हुई मसनुई परन्द।

राजपुतों में लड़की बिहाने की एक बड़ी शर्त ये होती थी कि मर्द पाहयाना फ़न जानता हो। और निशाने बाज होने का सबूत दे। उसकी आज़माइश के लिए मुख़तालिफ़ सूरतें अख्तियार की जाती थी। अब वो एक रस्म बन गयी है। जिसको दुल्हा दुल्हन के घर पर मसुनई परिन्द को तीर तलवार या नेज़ा लगाकर पूरी करता है।

छार्ख्वन में शादी से चन्द रोज़ क़ब्ल तलवार या तेमू में खंजर की नोक घुसाकर हाथ में रखना।

तेल बाल (पु0)– दुल्हन के उबटना और तेल मसलने की रस्म (होना)।
थापा (पु0)– हिन्दुओं में शादी ब्याह की मौके की एक रस्म जिसमें घर की दिवार पर हल्दी के रंग से हाथ के छापे लगाये जाते है जो तक़रीब के होने की अलामत समझी जाती है। न तालीम याफ़ता मुसलमान घरानों में भी इस रस्म का रिवाज है।
टोपी उतरना (क्रिया)– दाक़्र्ख्वन की इस्तलाह मुराद लड़की का सियाना होना अक्सर घर वालों में छोटी लड़कियों को लड़को की तरह टोपी हलनायी जाती है। और जब वो सन–ए–शऊर को पहुँचने लगती है टोपी पहनाना मौकूफ किया जाता है। और इस अमल को रस्मन अदा किया जाता है।
वेना (पु0)– देखो छन
जात मलाई/ज़ात मलाई (स्त्री)– कुनबे बिरादरी या क़बीले में शरीक़ करने की रस्म। किसी मर्द या औरत जो किसी वजह से अपनी बिरादरी या कबीले से निकल गया हो या निकाल दिया गया हो दुबारा शरीक़ बिरादरी होना या करना।
जुरवा (स्त्री)– जोरू कार इसमें मोसग़र देखो जोरू।
जुलवा (पु0)– देखो आरसी
फिकरा– 2 मुसहफ़
जमाई और जनवाई (पु0)– दामाद बेटी का शौहर।
जिनवासा (पु0)– बेटी के बारत के ठहरने का मकान वो मकान जिसमे जमाई और उसके साथी बारती ठहराये जाये।
जनवायी (पु0)– देखो जमायी।
जूती छपवाँ (पु0/स्त्री) ससुराल में दुल्हा की जूती छुपाने की रस्म जो मज़ाक के तौर पर दुल्हन की सहेलियाँ और बहने करती है। और दुल्हा से कुछ नग़दी लेकर जूती वापस करती है।
जोरू (स्त्री)– ज़ौजा, बीवी, घर वाली।

जोग (पु0)– मेल, रिस्ता, बाहामी ताल्लुक।
उदाहरण– इस लड़की का तुम्हारे घर जोग था।
जहेज़ (पु0)– अरबी लफ़्ज जहाज बमायने समाने सफ़र वगैरह का उर्दू तल्फुज़ मुराद गज़बाब ख़ानदानी वगैरह जो शादी के वक़्त हसबे हैसियत लड़कियों को दिया जाता है। (दान)
2. औरत अपनी रोज़मरा में दहेज या हिन्दी में लत्ज़ दान के साथ मिलाकर दान दहेज कहते है।
कहावत– सूरत शक्ल तेरी नही दान दहेज मेरे नही। बेटी जीप चलहइयों रोटी खईयो।
जेठ (पु0)– शौहर का सबसे बड़ा भाइ और उसकी बीवी को जेठानी कहते है।
जेठ साली (स्त्री)– बीवी की सबसे बड़ी बहन देखो साली।
चादर डालना (क्रिया)– हिन्दुओं की बाज़ अछूत ज़ातों में खिलाफ़े दस्तूर व रिवाज औरत को बतौर जोरू घर में रखना जिसको इस्तलाहन आशिना दाश्ता कहते है, आरी और धरी भी कहते है मर्द चार आदमियों में औरत को एक चादर उड़ा देता है। जो दोनो के ताल्लुफ़ होने का इजहार कहते है।
चाला (पु0)– शादी के इब्तेदायी ज़माने में बेटी को ससुराल से बुलाकर बतौर मेहमान रखने की रस्म जो आमतौर पर माँ के घर या माँ के करीब के रिश्तेदार किया करते है और इसका मकसद दामाद के साथ रस्में मुलाक़ात और मेल जोल बढ़ाना होता है। शादी के इब्तदायी महीने में चार मरतबा ऐसा किया जाता है। दार्क्खन के मुसलमानों में इस रस्म को जुम्मा गी करना कहते है (देखना) शादी के लिए शगुन लेना और नेक साथ देना।
चच्चा (पु0)– बाप का छोटा भाई।
चचिया सास (स्त्री)– देखो सास
चढ़ावा (पु0)– ज़ेवर जो दुल्हा की तरफ से दुल्हन को पेश किया जाए (आना, देना)
चकला (पु0)– अहले लखनऊ की इस्तलाह मुराद कस्बियों का मुहल्ला या बाज़ारी औरतों के पेशा करने का ठिकाना देखो अड्डा।
चौथी (स्त्री)– शादी के दूसरे दिन की रस्म जिसमें दुल्हा रिस्ता होने के बाद पहली मरतवा जब ससुराल में आता है तो दुल्हन के रिस्तेदार औरते और सहेलियाँ दुल्हा पर फूल, फल और तरकारियाँ फेक कर मारतें है। थोडी देर फ़रिकैन में ये मज़ाक रहता है। और चौथी खेलने के नाम से मौसूम किया जाता है। इस मौके पर दुल्हा की तरफ से दुल्हन को एक क़ीमती जोड़ा दिया जाता है। जो चौथी का जोड़ा कहलाता है।
छल (पु0)– फ़रेब जो शादी ब्याह के मौक़े पर फरिकैन में से कोई किसी मजबूरी से करे (देना)
छल बल (स्त्री)– फ़रसी लफ़्ज़ चुलबुला का उर्दू तल्लफुज मुराद बनाव सिंगार की चमक, दमक या भड़क। इसी मफूम में मर्द के लिए लफ़्ज़ छेला बोला जाता है।
छन (पु0)– टोना, संस्कृत चन्द बमाइनी शेर मौंजू करने का इल्म। मशात की इस्तलाह में दुल्हा से दुल्हन के साथ अच्छे बरताव का कौल व क़रार करना आरसी मसहफ़ या दुल्हा दुल्हन के आमने सामने होने के वक़्त गाने वाली औरतें दुल्हा से इस किस्म के एक़रार कराती है (होना)
खर्ची (स्त्री)– किसी बाज़ारी औरत की नजायज़ कमायी। (लेना, देना, कमाना)
ख़ाला (स्त्री)– माँ की बहन।
ख़ालू (पु0)– माँ की बहन का शौहर (मर्द)
ख़ाविंद (पु0)– ख़सम धनी मालिक मुराद शौहार औरत का मर्द।
ख़सम (पु0)– औरत का मालिक देखो ख़ाबिन्द।
ख़लिया सास (स्त्री)– देखो सास

ख़लिया ससुर/ख़लिया ससुरा (पु0)– देखो ससुरा
दादा (पु0)– बाप का बाप और उसके ऊपर परदादा कहलाता है। वस्त हिन्द और जुनूबी हिन्द के बाद इलाक़ों में दादा सबसे बड़े भाई को भी कहते है।
दारी (स्त्री)– दाश्ता देखो धरी।
दासी (स्त्री)– देखो धरी
दान (पु0)– देखो दहेज़
कहावत–तुर्तदान महा कल्यान।
दान दहेज (पु0)– देखो दहेज़
फिकरा–
रविया सॉस (स्त्री)– देखो सॉस
ददिहाल (स्त्री)– दादा दादी का घराना या घर
दुल्हा (पु0)– बना, बन्डा नौशा, शादी करने वाला शख़्स का ख़िताब।
दुल्हन (स्त्री)– शादी होने वाली औरत का ख़िताब।
दोहा जो (पु0)– पहली बीवी के मरने के बाद दूसरी बीवी करने वाला मर्द।
कहावत– सौदागर का घोड़ा दोजा दोहा जो जितना गोदे उतना थोड़ा।
दोहागन (स्त्री)– पहला मर्द या ख़ाविंद मरने के बाद दूसरा ख़ाविंद करने वाली।
दहेज़ (पु0)– देखो दहेज़ फिकरा–2
देवर (पु0)– ख़ाविंद का छोटा भाई।
देवरानी (स्त्री)– ख़ाविंद के छोटे भाई की बीवी।
दहाड़ी (पु0)– देखो धगड़ा और धरी।
धरू (पु0)– कुतुबदारा हिन्दुओं में फेरा की रस्म के बाद दुल्हा दुलहन को कुतुबदारे के दर्शन कराये जाते है जिसको इस्तलाहन धरू कहते है।
धरी (स्त्री)– दाश्ता, दारी, दासी, आश्ना धरीली, धरंगीली वो औरत जो बगैर निकाह किये बतौर जोरू घर में रख ली जाये। डाली हुई औरत।
धगड़ा धारी (पु0)– धरी को वो मर्द जिसको औरत अपना आश्ना बना ले। बगैर निकाह उसको साथ रखें। और उसका खच्र उठाये।
धनी (पु0)– देखो ख़ाविंद और ख़सम।
डोम (पु0)– शादी ब्याह की तकरीब में गाने बजाने वाले।
श्राड (पु0)– बेवा वो औरत जिसका शौहर मर गया हो और रन्डी बाजारी औरत को कहते है। बग़ैर शौहर वाली आवारा औरत।
रत जगा (पु0)– शादी रचाने की रस्म के लिए रात भर जागना (करना, होना)
रन्डापा (पु0)– रन्डापे की हालत देखो रॉन
उदाहरण– उसका सारा रन्डापा बच्चो की पढाने और गरीबों की ख़िदमत में कटा।
